# <u>पाठ – 7 दान की शक्ति</u>

लिखिए **:–**

प्रश्न1 सेठ अमीर चंद कैसे आदमी थे?
उत्तर : सेठ अमीर चंद बहुत धनी व्यक्ति थे। उनके पास बड़ी कोठी, गाड़ियां और नौकर चाकर सब था।  लेकिन लोगों से लगाव नहीं था।

प्रश्न 2 सेठ जी कुछ मांगने वालों का क्या करते थे?
उत्तर : सेठ जी कुछ मांगने वालों के साथ बुरा व्यवहार करते थे। जो उनके पास जाता वह रूआंसा होकर वापस लौटता था।

प्रश्न 3 सत्यदेव, सेठ जी के पास क्या करने गया था?
उत्तर : सत्यदेव गांव में पाठशाला और उसमें नल लगवाने की सहायता मांगने के लिए सेठ जी के पास गया था।

प्रश्न 4 सेठ जी ने सत्यदेव की किस विनती को स्वीकार किया?
उत्तर : जब सत्यदेव ने सेठ जी से कागज पर बिना पैसे दिए दस्तखत करने की विनती की तो सेठ जी ने उसे स्वीकार किया।